शैक्षिक सत्र–2026–27
विषय– वाणिज्य
कक्षा–9

पूर्णांक–70 अंक

इस विषय में 70 अंक की लिखित परीक्षा तथा 30 अंक का आन्तरिक मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर होगा। लिखित परीक्षा हेतु अंक विभाजन निम्नवत् है :–

इकाई–1 बहीखाताः– दोहरा लेखा प्रणाली का तात्विक सिद्धान्त व व्यवहार, आधुनिक पाश्चात्य बही खाता प्रणाली के अनुसार प्रारम्भिक लेखे की पुस्तकें रोजनामचा व रोकड़ बही, खतौनी व तलपट भारतीय बही खाता प्रणाली, रोकड़ बही व जमा तथा नाम नकल बही। 20 अंक

इकाई–2 व्यापार प्रणालीः– व्यापारिक कार्यालय का संगठन व कार्य प्रणाली आने–जाने वाले पत्रों का लेखा, पूछताछ व आदेश सम्बन्धी पत्र–व्यवहार, प्रतिलिपिकरण। 20 अंक

इकाई–3 अधिकोषण तत्वः– मुद्रा इतिहास, परिभाषा कार्य, भारत में मुद्रा प्रणाली का सामान्य परिचय। 15 अंक

इकाई–4 अर्थशास्त्रः– अर्थशास्त्र की परिभाषा, क्षेत्र, अर्थशास्त्र से सम्बन्धित शब्दावली जैसे उपयोगिता, धन कीमत मूल्य आदि। आवश्यकताओं का वर्गीकरण एवं लक्षण। 15 अंक

निर्धारित पाठ्य पुस्तक–

कोई भी पुस्तक निर्धारित या संस्तुत नहीं की गयी है। विद्यालयों के प्रधान विषय के अध्यापक के परामर्श से पाठ्यक्रम के अनुरूप उपयुक्त पुस्तक का चयन कर लें।

प्रोजेक्ट कार्य एवं आंतरिक मूल्यांकन 30 अंक

नोट :–दिये गये प्रोजेक्ट सूची में से कोई दो प्रोजेक्ट छात्रों से तैयार करायें। शिक्षक विषय से सम्बन्धित अन्य प्रोजेक्ट कार्य अपने स्तर से भी दे सकते हैं। प्रत्येक प्रोजेक्ट 10 अंक का होगा। शेष 10 अंकों का आन्तरिक मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर यूनिट टेस्ट द्वारा होगा :

1–पुस्तपालन व लेखाकर्म।

2–दोहरा लेखा प्रणाली–परिचय/सिद्धान्त।

3–रोजनामचा आशय व लेखांकन के नियम।

4–तलपट बनाने की विधियाँ।

5–भारतीय बही खाता प्रणाली–कच्ची रोकड़ बही।

6–भारतीय बही खाता प्रणाली–पक्की रोकड़ बही।

7–जमा व नाम नकल बही।

8–व्यापारिक कार्यालय के कार्य।

9–प्रतिलिपिकरण की प्रणालियाँ।

10–व्यापारिक–पत्र के मुख्य अंग।

11–मुद्रा का जन्म व विकास।

12–मुद्रा के कार्य।

13–भारतीय मुद्रा प्रणाली का सामान्य परिचय।

14–अर्थशास्त्र के विभाग।

15–अर्थशास्त्र के अध्ययन से विभिन्न वर्गों को लाभ।

शैक्षिक सत्र 2026–27 हेतु आन्तरिक मूल्यांकन–		**30 अंक**
1–प्रथम आन्तरिक मूल्यांकन – (प्रोजेक्ट कार्य एवं परीक्षा)	अगस्त माह	10 अंक
2–द्वितीय आन्तरिक मूल्यांकन –(प्रोजेक्ट कार्य एवं परीक्षा)	दिसम्बर माह	10 अंक
3–तृतीय आन्तरिक मूल्यांकन–(चार यूनिट टेस्ट आधारित)		10 अंक
(i) प्रथम यूनिट टेस्ट (MCQ आधारित)	जुलाई द्वितीय सप्ताह	20 अंक

(10 अंक ग्रीष्मावकाश ग्रहकार्य + 10 अंक यूनिट टेस्ट)

(ii)	द्वितीय यूनिट टेस्ट (वर्णनात्मक प्रश्न आधारित)	अगस्त अन्तिम सप्ताह	20 अंक
(iii)	तृतीय यूनिट टेस्ट (MCQ आधारित)	नवम्बर अन्तिम सप्ताह	20 अंक
(iv)	चतुर्थ यूनिट टेस्ट (वर्णनात्मक प्रश्न आधारित)	दिसम्बर अन्तिम सप्ताह	20 अंक

नोटः—चारों यूनिट टेस्ट के प्राप्तांकों के योग को 10 अंक में परिवर्तित किया जाय।